लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Press Note 02 October 2020

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती पर आज दिनाँक **02** अक्टूबर **2020** को लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो राय ने इस अवसर पर एकत्रित विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों को संबोधित किया और देश के दोनों महान नेताओं के आदर्शों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के समाज की बेहतरी के लिए, समाज में रह रहे समस्त नागरिकों के सुख समृद्धि के लिए गांधी जी के शान्ति, अहिंसा और स्वच्छता के पाठ का अनुसरण करना अति आवश्यक है। साथ ही उन्होंने श्री लाल बहादुर शास्त्री के किसान केंद्रित नीतियों का स्मरण किया और उनकी आज के समय में प्रासंगिकता का उल्लेख किया। इसी अवसर पर विश्वविद्यालय के सांस्कृतिकी से संबंधित कई विद्यार्थियों ने कोविड-**19** से बचाव से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और मास्क व सैनिटाइजर के महत्त्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संकायाध्क्ष, विभागाध्यक्ष और अधिकारी एवम कर्मचारी उपस्थित थे। आज दिनांक **2** अक्टूबर **2020** को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम प्रोग्राम के अन्तर्गत फिट इंडिया प्लोग रन **(FIT INDIA PLOG RUN)** का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय जी ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं एवं फिट इंडिया प्लाग रन का शुभारम्भ किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

इसअवसर पर कुलपति जी ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि परिसर में और देश को स्वच्छता की ओर ले जाने के लिए युवाओं का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और साफ बनाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है । जब हम ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का वहन करेंगे तभी एक स्वच्छ साफ वातावरण में रहने का अवसर पा पाएंगे ।

इस प्लॉग रन में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर नलिनी पांडेय , डीन रिक्रूटमेंट प्रोफेसर मनुका खन्ना, आई पी पी आर निदेशक डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव , लूटा अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों कार्यक्रम अधिकारियों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षक गणों के साथ पूरे परिसर का भ्रमण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ राकेश द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपने सामाजिक दायितव के निर्वाहन का आहवान किया ।

तत्पश्चात माननीय कुलपति जी ने समाज कार्य विभाग द्वारा आयोजित पोषण कार्यक्रम में क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को पोषण युक्त पोषाहार भी प्रदान किया। इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने कहा कि आप सभी बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य को अच्छा बनाने में विश्वविद्यालय हर प्रकार से सहयोग करेगा । विश्विद्यालय क्षय रोग के प्रति जागरूकता एवं अपने उत्तरदायित्व को भली प्रकार से समझता है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रोफेसर अनूप भरतीय एवं सभी का स्वागत विभागध्यक्ष प्रोफेसर गुरुनाम सिंह जी द्वारा किया गया। अंत में पूर्व उपकुलपति प्रोफेसर राजकुमार सिंह जी ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि माननीय कुलपति जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा की सराहना की

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

उन्होंने कहा कि सर आप की प्रेरणा से ही यह कार्य हो पाया और हम पूरा प्रयास करेंगे कि आगे भी जरूरतमंद लोगों की सहायता विभाग कर सके कार्यक्रम में विभाग के अन्य शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, कार्यक्रम अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के गणमान्य शिक्षक आदि मौजूद थे।